an>

Title: Need to expedite the construction of roads and flyovers in Ranchi, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : अध्यक्ष महोदया, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र राँची के लोकमहत्व का प्रश्न शून्यकाल में उठाना चाहता हूं।

महोदया, मेरा लोक सभा क्षेत्र राँची शहर जो झारखण्ड राज्य की राजधानी भी है। राजधानी बनकर लगभग सोलह साल बीतने के बाद भी अब तक राँची शहर की मुख्य सड़क जैसे पंडरा बाजार समिति से लेकर रातू रोड होते हुए कचहरी चौक, फिरायालाल चौक, सर्जना चौक, सुजाता चौक। कचहरी चौक से लेकर शहीद निर्मल महतो चौक, लालपुर चौक डंगरा टोली चौक होते हुए काँटाटोली चौक से सिरोमटोली चौक होते हुए सुजाता चौक तक तथा कचहरी चौक से सीनियर एस.पी. का निवास, मोरहाबादी चौक, रिम्स, बूटी मोड़ से कोकर चौक होकर काँटाटोली चौक तक की सड़क पर काफी ट्रेफिक जाम रहता है। महोदया, राजधानी बनने के बाद से न तो सड़क की चौड़ाई सही ढंग से हो पायी है और न ही जाम से बचने के लिए फ्लाई ओवर का अब तक निर्माण करवाया जा रहा है। इस संबंध में राज्य सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्री जी को मैंने कई बार पत्राचार किया है। साथ ही साथ मैंने सदन के माध्यम से भी लोक सभा में अनेकों बार इस बारे में प्रश्न उठाया है। लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। राँची शहर की मुख्य सड़कों का बोझ हल्का करने के लिए एक रिंग रोड का शिलान्यास हुआ है। ठेकेदार एवं राज्य सरकार की लापरवाही के कारण अभी तक आधा निर्माण, आधा रिंग रोड का निर्माण दस-बारह साल में भी नहीं हो पाया है। इतने दिन बीत जाने के कारण अधूरे निर्माण कार्य पड़े रहने से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है।

अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार का ध्यान आकृÂष्ट करते हुए मेरे लोक सभा क्षेत्र के उपरोक्त वर्णित सड़कों का चौड़ीकरण करवाने, सड़कों के ऊपर फ्लाईओवर का शीघ्र निर्माण करवाने एवं रिंग रोड का अधूरा निर्माण को शीघ्र पूरा करवाने की मांग करता हूं। उपरोक्त सभी कार्यों को पूरा करवाने के लिए केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने की मांग करता हूं।